तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 धान खरीदी में पारदर्शिता पर दिया जोर, किसानों से...





10 चार सूत्रीय मांगों पर शिक्षकों की हुंकार ...




## खबर संक्षेप

### सब्जियों के दाम में गिरावट 40 रु किलो बिकी फूलगोभी



**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में सब्जियों के दामों में हल्की गिरावट आई है। लोगों को सब्जी के दाम कम होने से राहत मिली है, सब्जी के दाम कम होने से लोग बड़ी मात्रा में सब्जी खरीद रहे हैं, इससे दुकानदार भी खुश हैं। मांग से अधिक सब्जियों का उत्पादन होने के कारण टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन, टमाटर समेत सभी मौसमी सब्जियां काफी सस्ती हो गई हैं। हालांकि प्याज के दाम अभी भी स्थिर बने हुए हैं। बाजार में मटर 30-40, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 50, आलू 25, प्याज 30, भट्टा 50, मुनगा 50, भिंडी 50, करेला 100 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 15 जूड़ी बिक रही है।

### जी-राम-जी जैसी अच्छी योजना कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं : पाण्डेय

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी



अधिनियम को लेकर कांग्रेस लगातार तथ्य और सत्य की अनदेखी कर झूठ फैलाकर किसानों व मजदूरों को बरगलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी को लेकर कांग्रेस का किसान-मजदूर विरोधी चरित्र का परिचायक है। कांग्रेस के प्रपंच और झूठ की राजनीति को प्रदेश की जनता जानती है। दरअसल कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह तथ्यहीन बातें कर रही है और वह किसी भी सूरत में प्रदेश में अराजकता का माहौल बनाने के षड्यंत्रों का ताना-बाना बुनने में लगी है। लेकिन कांग्रेस अपने इन मंसूबों में कतई कामयाब नहीं होगी। मनरेगा में जहाँ 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। कांग्रेस शासन काल में मनरेगा के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ और रोजगार के नाम पर लोगों से छलावा किया गया। विकसित भारत-2047 की संकल्पना को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

### दो अधिकारियों का ऑल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए चयन



**जगदलपुर।** बस्तर अंचल के दो अधिकारियों का चयन ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए हुआ है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो जगदलपुर में पदस्थ बीएस ध्रुव तथा एनआईसी कोंडागांव के संयुक्त निदेशक हेमंत भगत का चयन ओपन कैटेगरी में हुआ है। राष्ट्रीय स्तर का बैडमिंटन टूर्नामेंट गोवा में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट 15 फरवरी से 21 फरवरी तक चलेगा। प्रतियोगिता में देशभर से खिलाड़ी भाग लेंगे।

# 784 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होकर अधीक्षक बनने भाग्य आजमाया

## कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई बाल देखरेख संस्था अधीक्षक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

लोक सेवा आयोग द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत अधीक्षक बाल देखरेख संस्था के पदों पर भर्ती के लिए रविवार को आयोजित परीक्षा जिला प्रशासन की देखरेख में शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। शहर में निर्धारित दो परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चली इस परीक्षा में अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पंजीकृत 1045 अभ्यर्थियों में से 784 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और अपना भाग्य आजमाया। केंद्रों के अनुसार शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दर्ज 545 में से 400 परीक्षार्थी तथा जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 500 में से 384 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उक्त परीक्षा को सुव्यवस्थित संचालित करने के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री नंदनी साहू नोडल अधिकारी के दायित्व में रहीं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशासन ने बहुस्तरीय इंतजाम किए थे। एक विशेष उड़नदस्ता दल का गठन किया गया था, जिसमें नायब तहसीलदार डोमन लाल, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख ब्रज भूषण देवांगन और सहायक उप निरीक्षक राजकुमार शामिल थे, दल लगातार दोनों ▶▶|शेष पेज 10 पर

### पीएससी सदस्य ने परीक्षा का किया निरीक्षण

परीक्षा की शुचिता और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रवीण वर्मा विशेष रूप से जगदलपुर पहुंचे। उन्होंने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। वहां की सुरक्षा व प्रशासनिक तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशों के चलते परीक्षा को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अमले ने सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था की थी। परीक्षा संचालन निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



## संभाग स्तरीय किसान सम्मेलन में सहकारिता विभाग के कैलेंडर का विमोचन

# दिनेश और श्रीनिवास ने संभाला अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के वीर सावरकर सभागार में आयोजित भव्य और गरिमामयी समारोह में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। यह सिर्फ एक पदभार ग्रहण कार्यक्रम नहीं था,बल्कि किसानों के भविष्य को नई दिशा देने वाला मंच बन गया।

इस अवसर पर आयोजित संभाग स्तरीय किसान सम्मेलन में जहां नए नेतृत्व का स्वागत हुआ, वहीं किसानों के लिए राहत और खुशहाली के कई बड़े ऐलान भी किए गए। समारोह का मुख्य आकर्षण दिनेश कश्यप का अध्यक्ष पद पर और श्रीनिवास मिश्रा का उपाध्यक्ष पद पर आसीन होना रहा। दोनों पदाधिकारियों ने सहकारिता को बस्तर के विकास का मजबूत आधार बनाने और किसानों की आर्थिक मजबूती के लिए समर्पित होकर काम करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि



अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने अपने संबोधन में किसानों के हित में किए गए ऐतिहासिक बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब कृषि ऋण की सीमा को बढ़ाकर 60 हजार से 66 हजार रुपये कर दिया गया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब कुल ऋण का 70 प्रतिशत हिस्सा नकद और 30 प्रतिशत वस्तु ऋण खाद-बीज आदि के रूप में मिलेगा। इससे किसानों को अपनी खेती से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से 3100 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य पर धान खरीदी और राशि सीधे खाते में भेजने की प्रक्रिया को किसानों के लिए क्रांतिकारी कदम बताया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी ने कहा कि अब कर्ज डर का नहीं,तरक्की का माध्यम बन चुका है। उन्होंने शून्य प्रतिशत ▶▶|शेष पेज 10 पर

### नई कार्यकारिणी का संकल्प किसान और बैंक साथ-साथ चलेंगे

नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने कहा कि राज्य शासन का एकमात्र लक्ष्य किसानों के जीवन में खुशहाली लाना है। उन्होंने कहा कि योजनाएं तभी सफल होंगी, जब बैंक और किसान एक-दूसरे का साथ देंगे। वहीं उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने भरोसा दिलाया कि नई कार्यकारिणी किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। इस मौके पर मछली पालन और गाय पालन के लिए केसीसी ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही तार फेंसिंग और मिनी राइस मिल स्थापना के लिए मध्यमकालीन ऋण भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में बैंक के नवीन कैलेंडर का विमोचन किया गया।

### बस्तर के किसानों के लिए आज के बड़े फैसले

संभाग स्तरीय किसान सम्मेलन केवल औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि यह बस्तर के कृषि भविष्य की नींव रखने वाला मंच बन गया। यहां किसानों को नई ऋण व्यवस्था की जानकारी दी गई, नकद ऋण की सुविधा बढ़ाई गई, धान खरीदी के नए मानक घोषित किए गए और केसीसी को बहुउद्देशीय बनाने की दिशा में ठोस पहल हुई। मछली पालन, पशुपालन और आधुनिक कृषि ढांचे को बढ़ावा देने वाले निर्णयों ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब सहकारिता सिर्फ बैंकिंग नहीं,बल्कि किसानों की तरक्की का इंजन बनने जा रही है।

# पौने 3 लाख की विदेशी मदिरा जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुखबिर से 16 जनवरी को सूचना प्राप्त होने पर पिकअप में अवैध मदिरा केशलूर से दरभा की ओर परिवहन करने वाले को पकड़ा गया। आबकारी उपनिरीक्षक अंकित सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर राजूर चौक के पास नाका बंदी की गई। वाहन की तलाशी लेने पर 60 कॉटून जिनमें गोवा लिखा हुआ है कुल 3000 शीशियों में भरा गोवा स्प्रीट ऑफ स्मूथनेस ब्राण्ड का लेबल लगा मप्र में निर्मित विदेशी मदिरा कुल मात्रा 540 बल्क लीटर पाया गया। मौके से तीन आरोपियों कोसू राम यादव 28 वर्ष निवासी जामगांव बास्तानार तथा गोसू राम यादव 30 वर्ष निवासी बास्तानार तथा मोटू राम माड़वी 28 वर्ष निवासी मुतनपाल थाना बुरगुम को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध छग आबकारी एक्ट की धारा 34 (1) (क), 34 (2), 36, 59- के तहत कार्यवाही करते हुए मामला पंजीबद्ध किया गया। उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। मदिरा का बाजार मूल्य 3,84,000 रुपए है। प्रकरण में वाहन सहित कुल जब्ती 10 हजार 99 हजार रुपए है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शिव प्रसाद सिन्हा, आरक्षक शैलेष पाण्डेय, कविश यादव एवं वाहन चालक हेमराज बघेल का योगदान रहा।

■ पिकअप में पाई गई मध्यप्रदेश की शराब

# बस्तर पंडुम में देशी व्यंजन और पेय पदार्थों का लोगों ने चखा स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के लोक जीवन में यहां की संस्कृति परंपरा जितनी अदभुत है उतना ही खास यहां का खान पान भी है। शनिवार को बस्तर पंडुम का आयोजन ग्राम आसना के बादल संस्था में किया गया।

जहां देशी व्यंजन और पेय पदार्थ का लोगों ने आनंद उठाया खासकर सल्फी, लांदा और अन्य पेय पदार्थों लिया। वहीं खाने में सूखी मछली जिसे स्थानीय बोली में सुक्सी कहते है उसकी कई तरह की सब्जियां महिलाओं ने बनाई। सुक्सी के साथ भेंडा भाजी का स्वाद लेते रहे लोग। आसना के गिरजा प्रसाद पाण्डे ने बताया कि बस्तर पंडुम का यह आयोजन काफी शानदार है। गांव के लोग शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह की सब्जियां और पेड़ से निकलने वाला रस सल्फी, छिंदरस और महुआरस मिला। ऐसा अवसर कभी कभार गांव के किसी शादी विवाह या खास कार्यक्रम में ही मिल पाता है।



# चाकू से हमला और जान से मारने की धमकी आरोपी गिरफ्तार कर कराया जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चाकू से हमला कर जान से मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी अजय नाग की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। थाना पहुंचकर उसने बताया कि 15 जनवरी को मोटर सायकल घर पर नहीं होने से पत्नी नबीना नाग को पूछा तो बतोई कि पड़ोसी लैखन राम बघेल मांग कर दोपहर से ले गया है। लैखन को देखने मोहल्ले में पता किया जो अपने घर पर नहीं था, रात को लगभग 8 बजे लैखन मोटर साइकिल लेकर प्रार्थी के घर आया तो उसको पूछा मेरा बाइक क्यों ले गया था तो बोला मांग कर ले गया था, काम था कहा। इसी बात पर दोनों के बीच धक्का मुक्की मारपीट हुआ। उसने प्रार्थी से गाली गलौच देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट करते अपने पास रखे कोई नुकीला धारदार वस्तु चाकू निकाल कर प्रार्थी के पेट पर वार किया। पीछे हटा तो पेट और कमर के पास चोट आई। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना बस्तर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। प्रार्थी का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया। डॉक्टर रिपोर्ट मिलने पर प्रकरण में धारा 118 (1) बीएनएस० जोड़ा गया। आरोपी लैखन बघेल से पूछताछ की गई। उसने अपराध घटित करना कबुल किया। बटन चाकू को जप्तकर आरोपी को 17 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्ग दर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक घोत्रे सुमित कुमार के नेतृत्व में निरीक्षक सुरेश कुमार जांगडे, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार मरावी, आरक्षक भुवनलाल शार्दूल, प्रफुल्ल बघेल, डीएसएफ आरक्षक निरंजन वैध का विशेष योगदान रहा।

## सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष बने बसंत

# समाज में नई सोच और सकारात्मक परिवर्तन आएगा : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आदिवासी विश्राम भवन में सर्व आदिवासी समाज बस्तर जिला युवा प्रभाग का पुनर्गठन हुआ। इस अवसर पर संगठन को नई दिशा, ऊर्जा एवं मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से युवा प्रभाग की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, युवा एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। सर्वसम्मति से बसंत कश्यप को सर्व आदिवासी समाज बस्तर जिला युवा प्रभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कमला नेताम को दायित्व सौंपा गया। सचिव पद पर सुमित कुमार पोयाम एवं प्रज्ञा मंडावी को नियुक्त किया गया, जबकि सह सचिव के पद में रामू मौर्य को जिम्मेदारी दी गई।

इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि युवा प्रभाग की नई कार्यकारिणी का गठन संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करेगा। नए गठन से युवाओं को नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा, जिससे समाज में नई सोच और सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि बस्तर जिले की जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर यह युवा टीम संगठित होकर संघर्ष करेगी। जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों पर मजबूती से आवाज उठाई जाएगी तथा आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। संभागीय युवा प्रभाग अध्यक्ष संतु मौर्य ने युवाओं से आह्वान किया कि वे बस्तर में वन अधिकार मान्यता कानून 2006 को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विशेष रूप से सामुदायिक अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही पेसा कानून के नियमों को ग्राम सभा तक पहुंचाने और ग्राम सभा को सशक्त बनाने का कार्य युवा प्रभाग द्वारा किए जाने की बात कही।



**ये रहे उपस्थित-** बैठक में तुलसी मंडावी, फुल सिंह नाग, लक्ष्मण बघेल, अनिल बघेल, जयदेव पोडियामी, मनीराम, कमल, श्यामलाल नेताम, राजू राम, सुकुलधर बघेल, गोविंद, सुकदराम, लुकूराम नाग, जयराम नाग, रेतु कश्यप, इजमबर बघेल, सोनू बघेल, लुदरु बघेल, जयराम बघेल, मासो, बलदेव मंडावी, सोमरु बघेल, अरुण बनसारे, कमल नाग, नारायण सिंह मौर्य, पप्पू नाग, भोला कश्यप, मनबोध बघेल, देवराज नेताम, लखेश्वर कश्यप, सुखदेव बघेल, बनसिंह मौर्य, महादेव बघेल, कमलेश सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संगठित होकर करेंगे संघर्ष

नव नियुक्त अध्यक्ष बसंत कश्यप ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी चुनौती भी है। युवा प्रभाग बस्तर की जनहित से जुड़ी समस्याओं जल, जंगल, जमीन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सामाजिक मुद्दों को लेकर संगठित संघर्ष करेगा। इसके साथ ही बस्तर क्षेत्र में अवैध जमीन खरीदी-बिक्री जैसी गंभीर समस्याओं के खिलाफ लंबी और निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने युवाओं से एकजुट होकर समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया।

### संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे

सर्व आदिवासी समाज बस्तर जिला अध्यक्ष गंगा नाग ने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि यह टीम समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। युवाओं के साथ मिलकर समाज के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी। संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

# गोरिया बहार मरघट में श्रमदान कर रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत आड़ावाल के अंतर्गत आने वाले ओरना कैप के युवा प्रत्येक रविवार को गोरिया बहार मरघट में श्रमदान कर जीर्णोधार कर रहे है। उपसरपंच दिनेश जना की पहल पर पंचायत के युवा बेजा कब्जा हटाने के साथ साथ मरघट के आसपास के स्थल को समतल करने और शव के साथ आने वाले लोगों के सुविधा के लिए पहुंच मार्ग को भी सुगम बना रहे है। इनके प्रयास को सरपंच और जनपद सदस्य का भी सहयोग मिल रहा है। गौरतलब है कि गोरिया बहार श्मशान घाट के लिए निर्धारित जगह पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। जिसपर उपसरपंच और पंचायत के युवाओं ने पहल करके बेजा कब्जा को हटाने का काम कर रहे है। गांव के युवा सुरज ने बताया कि गोरिया बहार मरघट में आड़ावाल पंचायत के अलावा शहरी क्षेत्र के हाटकचोरा और आसपास के मोहल्ले के लोग भी परिजन का अंतिम संस्कार करते है। इसे भी इंद्रावती नदी तट के मुक्तिधाम की तरह सुविधाजनक बनाना आवश्यक है।

■ अवैध कब्जे से बचाने मार्ग को सुगम बनाने कर रहे कार्य



## खबर संक्षेप

### धनोरा में 20 को होगा विराट सनातन संगम

**धनोरा।** केशकाल ब्लॉक के ग्राम धनोरा में 20 जनवरी को विराट सनातन संगम आयोजन किया गया है। सनातन संगम में पाटेश्वर धाम की के रामबालक दास त्यागी बालक भगवान एवं मुख्य वक्ता के रूप में रामनाथ कश्यप और सभी समाज के प्रमुख पधारेंगे। आयोजन की तैयारी धनोरा आंचल का सनातन समाज द्वारा किया जा रहा है।



### ललिता बनीं ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष

**कोण्डागांव।** ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष टी.सी. राठौर के निर्देश एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सदाशिव राम नायक के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक द्वारा महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। कार्यकारिणी में ललिता भारद्वाज को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ललिता भारद्वाज इससे पहले महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुकी हैं। समाजहित में कई जागरुकता कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। उनके निरंतर सामाजिक योगदान, संगठन के प्रति समर्पण और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद ललिता भारद्वाज ने कहा कि महिलाएं समाज की मजबूत नींव हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर विशेष कार्य किए जाएंगे।



### तरईबेड़ा में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**कोण्डागांव।** बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल के आश्रित ग्राम तरईबेड़ा में जोन स्तरीय तीन दिवसीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोंडागांव हिरासिंह नेताम द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया, तत्पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता 15 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें जोन बालेंगा के अंतर्गत हरवेल, बालेंगा एवं बांसकोट संकुलों के 5 ग्राम पंचायतों से 500 से अधिक बालक-बालिकाएं भाग ले रहे हैं।

# धान खरीदी में पारदर्शिता पर दिया जोर, किसानों से किया सीधा संवाद

## प्रभारी सचिव भीम सिंह ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर कोंडागांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न धान खरीदी एवं संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना भी उनके साथ उपस्थित रहीं।

प्रभारी सचिव ने अपने दौरे की शुरुआत चिलपुटी धान खरीदी केंद्र से की। यहां उन्होंने खरीदी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया तथा किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान उन्होंने पिछले माह खरीदे गए धान के बोरों की तौल भी कराई। श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी में पारदर्शिता और निर्धारित मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोंडागांव-कनेरा रोड स्थित धान संग्रहण केंद्र में उन्होंने भंडारण क्षमता, धान उठाव की स्थिति एवं मिलरों से संबंधित जानकारी ली। अधिकारियों को समयबद्ध उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे खरीदी कार्य प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जुगानी केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना

दौरे के अंतिम चरण में प्रभारी सचिव ने जुगानी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। यहां इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों से हो रही तौल और सुव्यवस्थित व्यवस्था की उन्होंने प्रशंसा की तथा प्रभारियों के कार्य की सराहना की। ग्राम गुमड़ी के किसान देवनाथ कोर्राम ने बताया कि उन्होंने साढ़े पांच एकड़ में धान की खेती कर टोकन के माध्यम से धान बेचा है और तौल एवं भुगतान व्यवस्था से संतुष्ट हैं। वहीं जुगानी के किसान मिलन हलदर ने गांव में ही खरीदी केंद्र खुलने से हुई सुविधा की सराहना की।



## शिक्षकों ने चौपाटी मैदान में किया शक्ति प्रदर्शन

# चार सूत्रीय मांगों पर शिक्षकों की हुंकार कोंडागांव में हुई एकदिवसीय हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिले के हजारों शिक्षकों ने एकदिवसीय हड़ताल कर अपनी चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलेभर से पहुंचे शिक्षक नगर के चौपाटी मैदान में एकत्रित हुए। हड़ताल के दौरान सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले शिक्षकों ने विशाल रैली निकाली।

- शासन-प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन

रैली के माध्यम से शिक्षकों ने अपनी मांगों को मुखरता से उठाते हुए शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने लंबे समय से लंबित चार सूत्रीय मांगों पर शासन की उदासीनता को लेकर नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। चौपाटी मैदान में आयोजित सभा में शिक्षकों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन शिक्षक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक है। एक दिवसीय हड़ताल और रैली में जिले के विभिन्न विकासखंडों से बड़ी संख्या में सहायक शिक्षक शामिल हुए। जिससे आंदोलन को व्यापक समर्थन मिला।

### मांगों के समर्थन में सहायक शिक्षकों ने पहले ही दे दी थी आंदोलन की जानकारी

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले प्रदेश सहित जिले के समस्त सहायक शिक्षक 17 जनवरी को चार सूत्रीय मांगों को लेकर एकदिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल की सूचना जिला कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को विधिवत सौंपकर दी गई थी। प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राठौर के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष मदन राठौर ने बताया था कि सहायक शिक्षक लंबे समय से वेतन विसंगति की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं, जिस पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। मांगों में वेतन विसंगति दूर करते हुए मोदी की गारंटी लागू की जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर एलबी संवर्ग को लाभ दिया जाए, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए, स्वयं के मोबाइल पर वीएसके एप के माध्यम से उपस्थिति व्यवस्था बंद की जाए फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी से जिले में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करने की भी मांग की। पत्र सौंपने के दौरान प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती नेमी सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष अरुण दीवान, सहसचिव हितेंद्र पांडे, महासचिव चंद्रभान बघेल, तरुण ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष नीलम मेश्राम केशकाल, उपेंद्र कोमा (कोंडागांव), ब्लॉक सचिव चिमनलाल माहला सहित संजय पाटले, मुकेश सिन्हा, नितेंद्र सेठिया, प्रेमराज नेताम एवं बड़ी संख्या में जिले के शिक्षक उपस्थित रहे।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सर्मपण वृद्धा आश्रम का निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती गायत्री साय द्वारा 14 जनवरी को सर्मपण वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया गया।

- वृद्धजनों की सुविधाओं सुरक्षा व विधिक अधिकारों का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को उपलब्ध कराई जा रही आवास, भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया गया। सचिव ने वृद्धजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा आश्रम के कर्मचारियों को वृद्धजनों की देखभाल एवं सुविधाओं में निरंतर सुधार के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। सचिव ने आश्रम प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाया जाना अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के समापन पर सभी वृद्धजनों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए फल एवं लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर वृद्धा आश्रम के कर्मचारीगण तथा अधिकार मित्र लोकेश कुमार यादव एवं रंजन कुमार वैध उपस्थित रहे।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति का लिया जायजा

# सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर ने कोंडागांव में एसआईआर विशेष शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर मनीष गर्ग ने शुक्रवार को कोंडागांव में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर भोस्कर विलास संदीपन, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ जय उरांव सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। श्री गर्ग ने बंधा तालाब गार्डन के समीप आयोजित एसआईआर विशेष कैंप में नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिक्रिपेंसी से संबंधित दावा-आपत्ति सुनवाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुनवाई हेतु पहुंचे नागरिकों एवं संबंधित बीएलओ से चर्चा कर प्रक्रिया की जानकारी ली। विशेष शिविर में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6, मृत मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा नाम एवं विवरण में सुधार के लिए फॉर्म-8 भरे गए। साथ ही बीएलओ द्वारा मतदाताओं के पुराने फोटो अपडेट किए गए।



### नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिक्रिपेंसी का निराकरण

शिविर में नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिक्रिपेंसी से प्रभावित मतदाताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया, जिससे मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सहायता मिली। इस विशेष शिविर में बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे और निर्वाचन संबंधी सेवाओं का लाभ लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम कोंडागांव अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया, तहसीलदार मनोज रावटे, नायब तहसीलदार नरेंद्र सिंह, सीएमओ दिनेश डे सहित राजनीतिक दलों के बीएलए भी उपस्थित रहे।

# बाल संरक्षण प्रणालियों में मानसिक स्वास्थ्य पर हुआ पायलट प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश के मार्गदर्शन में यूनिसेफ राज्य कार्यालय छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षकों द्वारा जिला कोण्डागांव किशोर न्याय बोर्ड में दो दिवसीय पायलट प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 8 से 9 जनवरी तक आयोजित हुआ जिसका उद्देश्य बाल संरक्षण प्रणालियों में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक देखभाल को प्रभावी रूप से शामिल करना रहा।

- यूनिसेफ के सहयोग से सेवा प्रदाताओं की क्षमता बढ़ाने पर रहा फोकस
- किशोर न्याय बोर्ड परिसर में हुआ प्रशिक्षण आयोजन

प्रशिक्षण के दौरान रोल प्ले, समूह चर्चा एवं अन्य व्यवहारिक गतिविधियों के माध्यम से सेवा प्रदाताओं, देखभालकर्ताओं एवं बाल संरक्षण अधिकारियों की मदद करने की क्षमता बढ़ाने तथा हानिकारक व्यवहार को कम करने पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करना, उन्हें खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना, सक्रिय रूप से सुनने की क्षमता विकसित करना, समानुभूति की समझ बढ़ाना तथा आत्महत्या के जोखिम का आकलन एवं प्रबंधन करना रहा। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सामाजिक मनोविज्ञान, सुरक्षा एवं संरक्षण को बच्चों के समग्र विकास की आधारशिला के रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को सही समझ, मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मविश्वासी, संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने पर विशेष जोर दिया गया।




**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग कोण्डागांव अंतर्गत जिला महिला सशक्तिकरण, मिशन वात्सल्य, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति एवं बाल देखरेख संस्थाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोंडागांव पहुंचा धम्मरथ, महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन में जोश

**कोण्डागांव।** बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले विशाल धरना आंदोलन और माघ पूर्णिमा महोत्सव में सहभागिता के लिए भिक्षु धम्मतप राजनांदगांव, राष्ट्रीय संयोजक ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम ने जनसंपर्क धम्म यात्रा के तहत कोंडागांव पहुंचकर लोगों से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। भिक्खु धम्मतप ने अपने संबोधन में कहा कि महाबोधि महाविहार बौद्धों की आस्था का केंद्र है। उसकी मुक्ति के लिए चल रहा आंदोलन अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने 1 फरवरी से 12 फरवरी के बीच बोधगया में होने वाले विशाल धरना आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। भिक्खु धम्मतप के विचारों से प्रेरित होकर कोंडागांव के बौद्ध समाज ने निर्णय लिया कि वे महाबोधि महाविहार मुक्ति के समर्थन में हजारों पत्र कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजेंगे, ताकि केंद्र सरकार तक समाज की भावना और मांग स्पष्ट रूप से पहुंचे।



## सरस्वती सायकल योजना में 21 बालिकाओं को मिली साइकिलें

**कोण्डागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुनागांव में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बुनागांव के सरपंच छबीलाल नेताम रहे। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत 21 बालिकाओं को सायकल वितरित की। सायकल वितरण के दौरान सरपंच छबीलाल नेताम ने छात्राओं से कहा कि शासन की इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने सभी छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मिनी डेनियल, प्रधान अध्यापक किरण कुमार नाग, संकुल समन्वयक धरम देवांगन, उप-सरपंच लखेश्वर नेताम, ग्राम सभा अध्यक्ष श्रीमती पंचबती नेताम, सचिव मानसिंह मरकाम, रामसिंह नाग सहित शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## मर्दापाल तहसील क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सीपीआई ने सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव।** मर्दापाल तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया जिला परिषद कोण्डागांव के नेतृत्व में शनिवार को साप्ताहिक बाजार से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली गई। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता तहसील कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मर्दापाल को सौंपा।

सीपीआई ने ज्ञापन में बताया कि नवगठित तहसील मर्दापाल के अंतर्गत आने वाले कई गांव संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्र में होने के कारण अब तक विकास की मुख्यधारा से वंचित हैं। ग्रामीणों को वनाधिकार पत्र, बिजली, शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाएं अब तक पूरी तरह नहीं मिल पाई हैं, जिससे यह क्षेत्र सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि 2008 से पात्र हितग्राहियों को अब तक वनाधिकार पत्र नहीं मिला, उन्हें तत्काल अधिकार पत्र दिए जाएं। ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से वंचित पारा-मोहल्लों और घरों में जल्द बिजली पहुंचाई जाए। सीपीआई ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षकों की कमी और उच्च शिक्षा के सीमित साधनों के कारण युवा बेरोजगार हैं। मांग की गई कि स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों में प्राथमिकता दी जाए। अन्य प्रमुख मांगों में शामिल हैं क्षेत्र के गौण खनिजों का उत्खनन केवल स्थानीय सहकारी समितियों या सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से कराया जाए। चिटफंड कंपनियों में फंसी आम जनता की राशि वापस दिलाई जाए। सीपीआई ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि पूर्व में भी कई बार मांगें रखी गईं, लेकिन शासन-प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई। यदि अब भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जनसमर्थन के साथ व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



## जैविक खेती और आदिवासी महिला सशक्तिकरण को मिली राष्ट्रीय पहचान

# बस्तर की बेटी दसमती हर्बल फार्मिंग आइकॉन 2026 के लिए नामांकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

मां दंतेश्वरी हर्बल समूह की अध्यक्ष और बस्तर की मूल आदिवासी गोंड समुदाय से आने वाली दसमति नेताम को देश के प्रतिष्ठित कृषि सम्मान हर्बल फार्मिंग आइकॉन 2026 के लिए नामांकित किया गया है। यह सम्मान अप्रैल माह में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया जाएगा।



- दिल्ली में सम्मानित होगी दसमती

दसमति नेताम पिछले करीब 30 वर्षों से जैविक खेती और वन औषधीय पौधों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से आदिवासी महिलाओं को खेती से जोड़कर हजारों परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है, जिससे बस्तर अंचल में आजीविका के स्थायी साधन विकसित हुए हैं। दसमती ने ग्रामीण विकास का प्रशिक्षण वर्धा से, पर्यावरण संरक्षण का प्रशिक्षण टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड से, आयुर्वेदिक औषधि निर्माण का प्रशिक्षण बांदा उत्तरप्रदेश से, तथा टिशू कल्चर टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण पुणे से प्राप्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने बाबा आमटे के संस्थान से भी ग्रामीण उद्योग और महिला सशक्तिकरण का प्रशिक्षण लिया है।

### मिशन ब्लैक गोल्ड' और 'मिशन सिंदूरी' से हजारों परिवार लाभान्वित

वर्तमान में वे मां दंतेश्वरी हर्बल महिला समूह की अध्यक्ष और 25 वर्ष पुराने समाजसेवी संस्थान 'संपदा' की भी अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में 'मिशन ब्लैक गोल्ड' के तहत घर-बाड़ी में काली मिर्च रोपण, मिशन सिंदूरी' के तहत अनाटो जैसे बहुउपयोगी पौधों का निःशुल्क वितरण, जैसे अभियानों से हजारों आदिवासी परिवारों की आय में वृद्धि हुई है।

### आदिवासी समाज के लिए गौरव बनी दसमती

दसमती नेताम का यह नामांकन मां दंतेश्वरी हर्बल समूह, बस्तर अंचल और समूचे आदिवासी समाज के लिए गर्व का विषय है। यह साबित करता है कि बस्तर की बेटियां अब देश के कृषि और ग्रामीण विकास के मंच पर नई पहचान बना रही हैं।

## पेज 9 के शेष

### 784 अभ्यर्थी परीक्षा...

केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति पर पैनी नजर बनाए रहा। आयोग द्वारा इस बार अपनाए गए सख्त रवैये के तहत परीक्षा केंद्रों में जैमर लगाए गए थे ताकि संचार साधनों का किसी भी रूप में दुरुपयोग न हो सके। इसके अतिरिक्त प्रवेश द्वार पर तैनात पुलिस कर्मियों ने मेटल डिटेक्टर के जरिए प्रत्येक अभ्यर्थी की गहन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया।

### दिनेश और श्रीनिवास...

ब्याज योजना को किसानों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि इससे वे साहूकारों के चंगुल से बाहर निकले हैं। उन्होंने बताया कि अब केसीसी केवल खेती तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मछली पालन, पशुपालन और आधुनिक कृषि उपकरणों के लिए भी इसका लाभ आसानी से मिल रहा है। महापौर संजय पांडे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे किसानों के लिए स्वर्णिम अवसर बताया। वीर सावरकर सभागार में उमड़ी भीड़ और किसानों के चेहरों पर दिखती मुस्कान ने आयोजन की सफलता खुद बयान कर दी। इस अवसर पर चित्रकोट के विधायक विनायक गोयल, छग बेबरेज निगम के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,जनपद पंचायतों के अध्यक्षगण,पूर्व विधायक संतोष बाफना,लच्छुराम कश्यप,डॉ सुभाऊ कश्यप,बैदूराम कश्यप वेदप्रकाश पांडे,विद्याशरण तिवारी,रंजीत पांडे,वेदांत दीक्षित,नरसिंग राव,योगेश ठाकुर सहित जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंवर सिंह ध्रुव,उपायुक्त सहकारी संस्थाएं डॉ उषा ध्रुव,विभिन्न सहकारी समितियों के अध्यक्ष,बैंक शाखाओं के प्रबंधक और बड़ी संख्या में कृषकगण एवं भाजपा के जिला,मंडल पदाधिकारी गण, बड़ी संख्या में नारिशक्त एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सड़कों की सौगात देने के लिए माना आभार



**दरभा।** चित्रकोट विधानसभा में 122 करोड़ के सड़कों की सौगात देने के लिए विधायक विनायक गोयल का मंडल महामंत्री दरभा दुर्जन सिंह कश्यप ने आभार माना। कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की विधायक गोयल के प्रयासों से चित्रकोट विधानसभा में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि 122 करोड़ के सड़कों की सौगात मिलने से क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में सुविधाएं तो होगी और व्यापार-व्यवसाय साथ साथ रोजगार के आसार में भी वृद्धि होगी। उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास के साथ आम जन मानस के मांगो को प्राथमिकता देते हुए हमेशा काम किया है और उनकी इस पहल से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह सड़कें न केवल क्षेत्र के लोगों के लिए बल्कि पूरे विधान सभा के पहुंच विहीन क्षेत्रों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं विधायक द्वारा दरभा ब्लॉक में 5 सड़कें स्वीकृत कराई गई हैं। विधायक के नेतृत्व में चित्रकोट विधानसभा में विकास ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने हमेशा उनका अपार जन समर्थन किया है और आगे भी करते रहेंगे।

### धनुर्जय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानपुरी के अध्यक्ष नियुक्त



**बस्तर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी किया है। लंबे इंतजार के बाद सूची जारी किया गया। जिसमें नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानपुरी के अध्यक्ष धनुर्जय नेताम को नियुक्त किया गया है। उन्हें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। नेताम ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति पर चलते हुए न्याय की इस लड़ाई में जनता का पक्ष मजबूती से उठाएंगे और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।

### गीदम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने अनिल कर्मा



**गीदम।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने राज्य में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इस कड़ी में गीदम ब्लॉक के अध्यक्ष के रूप में अनिल कर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। अनिल कर्मा एक तेजतर्रार और पार्टी के सक्रिय कार्यकर्त्ता रहे हैं, जिसके कारण पार्टी ने उन्हें ब्लॉक का नेतृत्व देकर उन पर अपना विश्वास जताया है। अनिल कर्मा ने कहा कि वे गीदम ब्लॉक में कांग्रेस संगठन को अधिक मजबूत एवं सशक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के निर्देशों का पालन करेंगे और ब्लॉक में कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अनिल कर्मा के नेतृत्व में गीदम ब्लॉक में कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि वे गीदम ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे और पार्टी को मजबूत बनाएंगे।

### मनरेगा संविदा कर्मचारी के असामयिक निधन पर शोक

**गीदम।** मनरेगा अंतर्गत कार्यरत दुष्यंत साहू, सहायक प्रोग्रामर का 16 जनवरी को आकस्मिक देहांत हो गया। उनके असमय चले जाने से न केवल उनका परिवार बल्कि जिले का समूचा मनरेगा परिवार शोक, स्तब्धता और गहरे दुःख में डूबा हुआ है। सीमित वेतन, असुरक्षित भविष्य और अत्यधिक कार्यदबाव के बावजूद उन्होंने कभी अपने कर्तव्यों से समझौता नहीं किया। उनका पूरा जीवन सेवा, संघर्ष और उम्मीदों के बीच बीत गया। इतने वर्षों की निष्ठावान सेवा के बावजूद साहू को नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिल सका। वे लंबे समय से संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की लड़ाई लड़ रहे थे। यह लड़ाई केवल एक पद की नहीं थी, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और परिवार के भविष्य की थी।

# छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति, अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह

**सरस्वती शिशु मंदिर में सांस्कृतिक संध्या एवं आनंद मेला का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक संध्या, आनंद मेला, पूर्व छात्र सम्मेलन, मातृ सम्मेलन व अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी, नगर पंचायत गीदम के पूर्व अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा, रेखा विश्वकर्मा, जनपद सदस्य राकेश मंडावी, विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता व पूर्व छात्र मूलचंद जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती, ओम व मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देश के सभी राज्यों की संस्कृति को अपनी प्रतिभा के माध्यम से समस्त अतिथियों, पालकों व आमजनों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें देश की सांस्कृतिक एकता की झलक दिखाई दी। मंचासीन अतिथियों सहित उपस्थित पालकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन तालियो के साथ किया। अटामी ने कहा कि शिशु मंदिर गीदम में इस तरह के आयोजन वर्ष भर आयोजित होते है। यहां के बच्चे प्रतिभावान होते हैं, संस्कार पक्ष मजबूत होता है। मैं इस विद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग करता रहूंगा। नवीन विश्वकर्मा ने कहा कि इस विद्यालय ने 40 वर्षों से अपनी ख्याति बनाकर रखी है।सरस्वती शिशु मंदिर हमारी धार्मिक संस्कृति, संस्कारों की पाठशाला है। राकेश मंडावी ने कहा कि मैं शिशु मंदिर में पढ़ा हूं इसलिए आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर अनुशासन एवं संस्कृति के संरक्षक के रूप में जाना जाता है। जीवन में अनुशासन अति आवश्यक है जिसे बच्चों में प्रारंभिक दौर से ही होना चाहिए और सदैव अपने लक्ष्य को याद करते हुए उसे प्राप्त करने के लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए। भैया बहनों का मार्गदर्शन करते हुए पूर्व छात्र मूलचंद जैन ने कहा कि हम सभी पूर्व छात्रों को अपने इस विद्यालय के लिए तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। आने वाला समय में यहां पर छोटे बच्चों के लिए झूला फिसलपट्टी हम सब मिलकर लगाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने अतिथियों एवं पालकों समक्ष विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में पालक, बच्चे व विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन आचार्य गोवर्धन ठाकुर ने किया।





**व्यंजनों का उठाया लुफ्त**

इस दौरान विद्यालय में भैया बहनों द्वारा आनंद मेला का भी आयोजन किया। जिसमें भैया बहनों ने तरह-तरह के पकवान एवं व्यंजनों जैसे गुलाब जामुन, दही बड़ा, ब्रेड पकोड़ा, केक, चाउमीन, सेवपुरी, पास्ता व गुपचुप आदि की वैरायटी रखी। जिसका अतिथियों एवं पालकों ने भरपूर आनंद उठाया।

## मुख्यमंत्री ने केबिनेट में चर्चा का दिया आश्वासन

# 1998-99 एलवी संवर्ग शिक्षकों की पुरानी पेंशन पर सरकार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

1998-99 एलवी संवर्ग शिक्षकों की पुरानी पेंशन की एकसूत्रीय मांग अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर इस विषय पर विस्तार से चर्चा की,जिसमें नियुक्ति प्रक्रिया, नियमितीकरण,विभागीय विलय और पेंशन नियमों से जुड़े सभी तकनीकी व संवैधानिक पहलुओं

- प्रतिनिधि मंडल से 40 मिनट संवाद,तथ्यों को माना गया मजबूत

को स्पष्ट रूप से रखा गया। मुख्यमंत्री ने पूरे विषय को गंभीरता से सुनते हुए इसे न केवल जायज बताया, बल्कि इसे नीति-स्तर पर विचार योग्य भी माना।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि 1998-99 में मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत नियमित पदों पर निश्चित वेतनमान के साथ नियुक्तियां हुई थीं और वार्षिक वेतनवृद्धि भी दी जाती रही। इसके बावजूद 2001 में नियमितीकरण और पंचायत स्कूलों के विलय के समय इन शिक्षकों को विभाग में समायोजित नहीं किया गया,जो एक बड़ी प्रशासनिक विसंगति रही। वर्ष 2018 में शासकीयकरण हुआ,लेकिन 2004 के पूर्व नियुक्त होने के बावजूद इन्हें पुरानी पेंशन योजना से वंचित रखा गया।

संघ ने यह भी बताया कि वर्तमान में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को मात्र 1300-2300 रुपये मासिक पेंशन मिल रही है,जो सम्मानजनक जीवन के लिए अपर्याप्त है। अब तक 1000 से अधिक शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं और 2028 तक यह आंकड़ा 75 प्रतिशत तक पहुंचने वाला है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि इस विषय को केबिनेट बैठक में चर्चा हेतु रखा जाएगा और आगे की प्रक्रिया के लिए महासम्मेलन की तिथि तय की जाएगी।



इस दौरान प्रदेश संगठन सचिव विश्वनाथ प्रधान,संभागीय अध्यक्ष हजरत अली,संभागीय उपाध्यक्ष डेजमन रजवाड़े, अशोक कुमार दर्पण,अब्राहम खलको,अशोक साहू,गुलाब देवांगन, बोधन राजवाड़े,यशवंत प्रताप सिंह,सूरज सिंह, झामेश्वर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

1998-99 एलवी संवर्ग शिक्षकों की नियुक्ति 2004 के पूर्व हुई, ऐसे में भारत सरकार के सिविल सेवा पेंशन नियम 1972 और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के अनुसार इन्हें पुरानी पेंशन का लाभ मिलना चाहिए। अन्य संवर्गों— संविदा, दैनिक वेतनभोगी, अंशकालीन और अनियमित कर्मचारियों को यह लाभ पहले ही मिल चुका है,लेकिन यह वर्ग अब भी वंचित है। वर्तमान में बेहद कम पेंशन मिलने से इन शिक्षकों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति गंभीर हो चुकी है। यही कारण है कि अब यह मांग केवल आर्थिक नहीं,बल्कि न्याय और सम्मान से जुड़ा मुद्दा बन चुकी है।

# एनएमडीसी ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित की रिपब्लिक डे रन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और जिम्मेदार खनन कंपनी एनएमडीसी ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर बचेली परियोजना में मैराथन दौड़ - 'रिपब्लिक डे रन, 2026' का आयोजन किया। इस दौड़ का शुभारंभ एनएमडीसी के ब्रांड एंबेसडर, निखत ज़रीन (दो बार की विश्व बॉक्सिंग चैंपियन) एवं श्रीधर कोडाली, परियोजना प्रमुख, एनएमडीसी, बचेली द्वारा हरी झंडी दिखाकर की।

रिपब्लिक डे रन, 2026 में एनएमडीसी के कर्मचारियों, सीआईएसएफ कर्मियों, छात्रों और मेजबान समुदाय के सदस्यों सहित 500 से अधिक धावकों ने भाग लिया। रन दो श्रेणियां में आयोजित किया गया- 5 किमी और 10 किमी। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागीगण उत्साहित दिखे। अंत में सभी प्रतिभागियों को पदक से सम्मानित किया गया।

# कोलाईगुड़ा कैम्प ने जीता ग्रामीणों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

सुकमा जिला के कोण्टा विकास खंड के भेज्जी थाना क्षेत्र में सेवा दे रहे 50 वीं वाहिनी केरिपुबल ने कोलाईगुडा कैम्प में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि नक्सल प्रभावित कोलाईगुडा, बीराभटी, जग्गावरम,

- सुरक्षा से सेवा तक, 50वीं बटालियन ने आयोजित की सिविक एक्शन प्रोग्राम

तोलनई, और कोसनपारा गांव सुरक्षा का केन्द्र बन चुका है। और इस क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सहायता, स्नेह और सम्मान की भावना को भी मजबूती से स्थापित कर रहा है। अठारह जनवरी को इस कैम्प में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ सेक्टर के सीआरपीएफ

महानिरीक्षक तथा उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोंटा राजेश पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं 50वीं बटालियन के कमाण्डेंट प्रेमजीत कुमार के पर्यवेक्षण में एवम द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन नीरज कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट राकेश सिंह सहित अन्य अधिनस्थ अधिकारी व जवानों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंतर्गत कोलाईगुडा, बीराभट्टी, जग्गावरम, तोलनाई, और कोसनपारा गांवों के निवासियों को साडी, मच्छरदानी, कंबल, वॉलीबाल, वॉलीबाल नेट, छाता, फुटबाल, किकेट बैट एवं बॉल, स्टील बर्तन, माइको फोन, पैसिव स्पीकर, सोलर स्टीट लाईट आदि वस्तुएं वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को दवाइँया भी वितरित की गई।।

इस पहल का उद्देश्य न केवल ग्रामीणों को शासन की विकास योजनाओं से अवगत कराना था। बल्कि उन्हें बरसात में फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी था। इस कार्यक्रम से कोलाईगुडा, तोलनाई, जग्गावरम और बीराभटी गांव के 250 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए। जिनमें स्त्रियां, पुरुष और बच्चे भी शामिल थे। इन गांवों के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर यह दिखा दिया कि अब वे परिवर्तन को अपनाने के लिए तैयार हैं। सभी ग्रामवासियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से मछली एवं मधुमक्खी पालन का विडियों दिखाकर उन्हें रोजगार हेतु जागरूक किया गया। कभी पिछडेपन और भय का पर्याय रहा यह गांव अब विकास और विश्वास की ओर बढ़ रहा हैं। केरिपुबल की निरंतर सक्रियता और जनसंपर्क की रणनीति ने ग्रामीणों के मन से भय को हटाकर उनके बीच सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और सरकारी सहायता योजनाओं के प्रति विश्वास पैदा किया है। इस अवसर पर सभी आगंतुकों और ग्रामीणों के लिए 50वीं बटालियन की ओर से स्नेह भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें भागीदारी ने आपसी सौहार्द और विश्वास को और मजबूत किया।




# लखेश्वर कश्यप ने उठाए सवाल 'पंडूम' के नाम पर संस्कृति का बाजारीकरण बंद करे शासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इन्द्रावती नदी बचाओ समिति के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ आदिवासी सामाजिक चिंतक एवं पूर्व सैनिक लखेश्वर कश्यप ने शासन द्वारा 'पंडूम उत्सव' के नाम पर किए जा रहे करोड़ों रुपये के खर्च पर तीखा सवाल उठाते हुए इसे बस्तर की आत्मा से छेड़छाड़ करार दिया है। लखेश्वर कश्यप ने कहा कि शासन को स्वयं यह स्पष्ट नहीं है कि वास्तविक पंडूम क्या है,फिर भी इसे एक औपचारिक, मंचीय और प्रचारात्मक आयोजन में बदलकर आदिवासी संस्कृति का विकृतिकरण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पंडूम बस्तर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। दक्षिण बस्तर में इसे पंडूम और मध्य बस्तर सहित अन्य क्षेत्रों में माटी तिहार के नाम से जाना जाता है। यह कोई एक-दो दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति,समाज और देव परंपरा से जुड़ा महीनों चलने वाला सामूहिक अनुष्ठान है, जिसकी शुरुआत चैत्र नवरात्रि से होती है। इसमें महुआ के फूल, आम, आवला और धान की पुटकी माटी देव को अर्पित की जाती है। लोग जंगल जाकर पारदी खेलते हैं और जो भी प्राप्त होता है, उसे माटी देव को चढ़ाकर प्रसाद के रूप में पूरे समाज में बांटा जाता है। कहा कि पंडूम बस्तर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। दक्षिण बस्तर में इसे पंडूम और मध्य बस्तर सहित अन्य क्षेत्रों में माटी तिहार के नाम से जाना जाता है। यह कोई एक-दो दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति,समाज और देव परंपरा से जुड़ा महीनों चलने वा ला सामूहिक अनुष्ठान है, जिसकी शुरुआत चैत्र नवरात्रि से होती है। इसमें महुआ के फूल, आम, आवला और धान की पुटकी माटी देव को अर्पित की जाती है। लोग जंगल जाकर पारदी खेलते हैं और जो भी प्राप्त होता है, उसे माटी देव को चढ़ाकर प्रसाद के रूप में पूरे समाज में बांटा जाता है।



लखेश्वर ने बताया कि दक्षिण बस्तर में इस दौरान महिलाएं बाट छेकनी की परंपरा निभाती हैं,जिसमें वे रास्ता रोककर आने-जाने वालों से पारंपरिक रस्म अदायगी कराती हैं। यह सब आदिवासी जीवन की सामूहिकता, समानता और सहभागिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शासन इन जीवंत परंपराओं को समझे बिना,केवल मंच,बैनर और प्रचार तक सीमित कर रहा है, जो हमारी सांस्कृतिक आत्मा के साथ अन्याय है।

पूर्व सैनिक कश्यप ने शासन से सवाल किया कि जब बस्तर के हर गांव में अलग-अलग समय पर पारंपरिक त्योहार होते हैं,तो उसी समय पर गांव या ब्लॉक स्तर पर वास्तविक सांस्कृतिक प्रोत्साहन क्यों नहीं दिया जाता? इससे लोग अपनी जड़ों से जुड़े रहेंगे और संस्कृति जीवित रहेगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि 'पंडूम' जैसे पारंपरिक नामों के साथ छेड़छाड़ करने के बजाय, यदि शासन को कोई बड़ा आयोजन करना ही है तो उसका नाम 'ऐतिहासिक बस्तर संस्कृति महोत्सव' रखा जाए, ताकि उसकी आत्मा सुरक्षित रहे।

**पंडूम एक नजर में**

पंडूम कोई सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि बस्तर के आदिवासी समाज का प्रकृति-केंद्रित जीवन उत्सव है। इसकी शुरुआत चैत्र नवरात्रि से होती है और यह लगभग एक माह तक चलता है। इसमें जंगल,अन्न,फल,फूल,देव परंपरा और सामूहिकता का गहरा संबंध होता है। माटी देव को अर्पण,पारदी खेल,प्रसाद वितरण और बाट छेकनी जैसी परंपराएं केवल रस्में नहीं,बल्कि समाज को जोड़ने वाली सांस्कृतिक डोर हैं। इसे मंचीय तमाशे में बदलना, इसकी आत्मा को नष्ट करना है।

# ठाकुर अनुकूल चन्द्र जन्मोत्सव पर भंडारा

**जगदलपुर।** शहर के सत्संग विहार में रविवार को श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र का 138 वां जन्मोत्सव महोत्सव के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम और भंडारा आयोजित किए गए, भंडारा में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण लिया। इस दौरान पहुंचे भक्तों ने ठाकुर अनुकूल चंद्र जी द्वारा जन कल्याण के लिए बताए गए दृष्टांतों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के वचनों और जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उनकी वाणी जीवन का उद्देश्य मनुष्य बनना है, केवल जीना नहीं और चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भजन कीर्तन के साथ मंदिर में पूजा अर्चना



**जगदलपुर।** महादेवघाट स्थित राधेय कृष्णा मंदिर में सनातन संस्कृति व बसंत ऋतु के आगमन पर सूर्य के उत्तरायण का महापर्व मकर संक्रान्ति के पवित्र पावन अवसर पर पूजा पाठ, आरती, और भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओ ने धार्मिक लाभ प्राप्त करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में मंदिर के प्रधान पुजारी निलैन्द्र यादव, सेवक निर्मल यादव, दुर्गा यादव, मनोज यादव अन्य का योगदान रहा।

### पेंशनरों की एकजुटता से ही मिलेगा अधिकारों का सम्मान



**जगदलपुर।** संगठन में अपार शक्ति होती है और जब पेंशनर एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए खड़े होते हैं,तो उनकी आवाज़ को दबाना आसान नहीं होता। इसी भाव के साथ दंतेवाड़ा जिले में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पेंशनरों की वर्षों पुरानी समस्याओं, स्वत्वों के भुगतान में हो रही देरी और प्रशासनिक जटिलताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, दंतेवाड़ा में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने की। उन्होंने मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) का उल्लेख करते हुए बताया कि इस प्रावधान के कारण छत्तीसगढ़ के पेंशनर पिछले 25 वर्षों से मानसिक, आर्थिक और प्रशासनिक पीड़ा झेल रहे हैं। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं को लेकर व्यापक मंथन हुआ। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि स्वत्वों का भुगतान समय पर होना चाहिए,लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हो,और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए।

### महुआ शराब जब्त पकड़ाया कोचिया

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने 17 जनवरी को रात 8 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए बड़ेपारा अटल चौक अर्जुनी के पास से शराब कोचिया को पकड़ा और कब्जे से महुआ शराब को जप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बड़पारा अर्जुनी निवासी दुलार जैन पिता स्व. बरतुराम जैन द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब को बेचने के लिए रखा हुआ था। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 700 रूपएं व नगद 100 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत पीढ़ापाल निवासी 47 वर्षीय माखन सिंग पिता दऊराम का सड़क दुर्घटना में 16 जनवरी को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था। इलाज के लिए रायुपर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया।

## हरिभूमि कैलेंडर का विमोचन...



**जगदलपुर।** हरिभूमि के नववर्ष 2026 का बहुरंगी 12 पृष्ठ के कैलेंडर का विमोचन सर्किट हाउस में वन मंत्री केदार कश्यप ने किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा विधायक किरण देव एवं चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने भी हरिभूमि के बहुरंगी आर्कषक कैलेंडर को उपयोगी बताया। उन्होंने कैलेंडर की क्वालिटी और सभी पृष्ठ में दिए गए उपयोगी जानकारी की सराहना करते कहा कि नए साल में पाठकों तक कैलेंडर का पहुंचना अच्छी बात है। इस मौके पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनीष पारेख एवं अन्य भाजपाइयों के साथ हरिभूमि के ब्यूरो चीफ सुरेश रावल एवं मार्केटिंग हेड समीर सेन मौजूद थे।

### शहरवासियों को शीघ्र मिलेगी जनजातीय गौरव वाटिका की सौगात

# वन मंत्री केदार कश्यप ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहरवासियों को शहर की आपाधापी, धूल और प्रदूषण से दूर प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताने के लिए जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को शहर के

- **धूल और प्रदूषण से दूर प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताएंगे शहरवासी**

निकट कुम्हड़ाकोट में निमार्णाधीन जनजातीय गौरव वाटिका का निरीक्षण किया। लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही यह वाटिका न केवल पर्यटन का केंद्र होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक अनूठी मिसाल पेश करेगी।

निरीक्षण के दौरान वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने वन मंत्री को अवगत कराया कि लगभग 25 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैले इस प्रोजेक्ट को शुरू में एक हेल्थ पार्क के रूप में परिकल्पित किया गया था, लेकिन अब इसे एक भव्य वाटिका का रूप दिया गया है।





स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों के लिए यहां लगभग 1700 मीटर का एक लंबा वॉकिंग ट्रेल बनाया गया है। इसके साथ ही योगा शेड, योगा जोन और ओपन जिम जैसी आधुनिक सुविधाएं भी यहां उपलब्ध होंगी, जिससे लोग ताजी हवा में अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकेंगे।

पर्यटकों के मनोरंजन और सामाजिक जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए वाटिका में कई आकर्षक प्रयोग किए गए हैं। वॉकिंग ट्रेल के बीच-बीच में गपशप जोन बनाए गए हैं, जहां प्लेटफॉर्म और कुर्सियां लगाई गई हैं ताकि लोग आराम से बैठकर बातचीत कर सकें। पारिवारिक आयोजनों और छोटी पार्टियों के लिए यहां पांच सुंदर पगोड़ा निर्मित किए गए हैं, जिन्हें बर्थडे पार्टी या अन्य कार्यक्रमों के लिए बुक किया जा सकेगा। इसके अलावा बच्चों के लिए एक अलग प्ले एरिया भी तैयार किया जा रहा है। जंगल के नैसर्गिक वातावरण में भोजन का आनंद लेने के लिए एक विशेष डाइनिंग क्षेत्र भी विकसित किया गया है, जिसका संचालन स्थानीय महिला समूहों या समितियों के माध्यम से किया जाएगा। आगंतुकों की सुविधाओं का भी यहां पूरा ख्याल रखा जाएगा। प्रवेश द्वार पर भव्य पार्किंग, टिकट काउंटर और महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रसाधन की व्यवस्था की गई है। विभाग की भविष्य की योजनाओं में यहां ट्री-हाउस बनाने और एडवेंचर स्पोर्ट्स शुरू करने की भी तैयारी है, जिससे आने वाले समय में यह वाटिका बस्तर के पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थल बनकर उभरेगी। वन मंत्री के निरीक्षण के दौरान वाटिका में सीसीएफ आलोक कुमार तिवारी, एसडीओ देवलाल दुग्गा, रेंजर देवेन्द्र सिंह वर्मा आदि शामिल रहे।

#### दोने और पत्तल में परोसा जाएगा भोजन

बताया जा रहा है कि इस वाटिका की सबसे अहम विशेषता इसकी इको-फ्रेंडली नीति है। यह पूरा क्षेत्र प्लास्टिक फ्री जोन होगा। पर्यटकों को बाहर से किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री या फूड पैकेट अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। खान-पान की पूरी व्यवस्था अंदर स्थित कैंटीन में ही रहेगी, जहां पूर्णतः बायो-डिग्रेडेबल दोने और पत्तल में ही भोजन परोसा जाएगा। इसके अतिरिक्त यह वाटिका जैव-विविधता के संरक्षण का केंद्र भी बनेगी। यहां कांगेर घाटी और बस्तर के अन्य वन क्षेत्रों से विलुप्त हो रही दुर्लभ स्थानीय प्रजातियों के पौधों और विभिन्न प्रकार के सुंदर ऑर्किड को लाकर संरक्षित किया जा रहा है, जो पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके साथ ही यहां तालाब और उसमें आइलैंड का निर्माण भी किया गया है।

## पॉलीथिन पर अब आर-पार की लड़ाई चेतावनी नहीं, सीधी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम प्रशासन ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अब सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि इस मुद्दे पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। सभी व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे तत्काल प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग,भंडारण एवं विक्रय बंद

- **व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश न इस्तेमाल,न भंडारण,न विक्रय**

करें और पर्यावरण हितैषी विकल्पों को अपनाएं।

प्रशासन ने कहा है कि पॉलीथिन न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि नालियों के जाम होने,जलभराव, मवेशियों की मौत और भूमि की उर्वरता घटने जैसे गंभीर संकटों को भी जन्म देती है। इसके बावजूद यदि कोई दुकानदार या संस्थान नियमों की अनदेखी करता पाया गया,तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसमें भारी जुर्माना, सामग्री की जब्ती और आवश्यकतानुसार कानूनी प्रक्रिया भी शामिल होगी। प्रशासन का मानना है कि यह अभियान केवल दंडात्मक नहीं,बल्कि जागरूकता और सहभागिता आधारित है,ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित



किया जा सके।

साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे स्वयं पॉलीथिन का उपयोग न करें और दुकानदारों से कपड़े,कागज या अन्य वैकल्पिक थैले मांगें। यदि कहीं भी प्रतिबंधित पॉलीथिन का खुलेआम उपयोग या विक्रय होता दिखे, तो उसकी सूचना तत्काल निगम को दें।

नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने स्पष्ट कर दिया है कि अब यह केवल अपील का विषय नहीं,बल्कि सख्त अमल का समय है। पॉलीथिन के कारण पर्यावरण,नालियों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा। व्यापारी वर्ग जिम्मेदारी समझे,पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाए और नियमों का पालन सुनिश्चित करे। आम नागरिक भी इस अभियान का हिस्सा बनें,स्वयं पॉलीथिन से दूरी बनाएं और नियम तोड़ने वालों की जानकारी निगम तक पहुंचाएं। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों पर त्वरित व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## साहित्य उत्सव में बस्तर की सशक्त उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को राष्ट्रीय फलक पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से 23,24 और 25 जनवरी को रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस

- **23 से 25 जनवरी तक देशभर के रचनाकारों का महासंगम**
- **27 साहित्यकार करेंगे बस्तर का प्रतिनिधित्व**

प्रतिष्ठित आयोजन में बस्तर जिले के लगभग 27 साहित्यकारों ने सहभागिता के लिए पंजीकरण कराया है, जिससे क्षेत्र की रचनात्मक सक्रियता और वैचारिक समृद्धि को व्यापक मंच मिलने जा रहा है। यह साहित्य उत्सव देशभर के साहित्यकारों,चिंतकों, कलाकारों और पाठकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां परंपरा और समकालीनता का सुंदर



समन्वय देखने को मिलेगा। आयोजन अटल नगर नया रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में होगा,जो अपनी सांस्कृतिक पहचान के लिए पहले से ही जाना जाता है। यहां छत्तीसगढ़ की लोकपरंपराओं,भाषाई विविधता और आधुनिक साहित्यिक प्रवृत्तियों का सजीव संगम दिखाई देगा।

उत्सव का शुभारंभ 23 जनवरी को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगा। आयोजकों का मानना है कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय साहित्यिक मानचित्र पर एक सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का केंद्रीय विचार आदि से अनादि तक रखा गया है,जो भारतीय साहित्य की निरंतरता,विकास और सांस्कृतिक चेतना को रेखांकित करता है। यह विषय प्राचीन परंपराओं से लेकर आधुनिक अभिव्यक्तियों तक की यात्रा को समाहित करता है,जिसमें लो क सा हि त्य , आ दि वा सी विमर्श,समकालीन लेखन और नई पीढ़ी की सोच एक साथ संवाद करेंगे। यह मंच न केवल विचारों का आदान-प्रदान करेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की साहित्यिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ भी करेगा। यह जानकारी नगर के वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही ने दी।

## युवा पंचायत पदाधिकारी खुद संभाल रहे मोर्चा औचक निरीक्षण से सुधार रहे गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण अंचलों में अब शिक्षा को लेकर सोच बदल रही है। पंचायत स्तर पर पढ़े-लिखे और जागरूक युवा जनप्रतिनिधि यह मानने लगे हैं कि अगर आज ग्रामीण बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत नहीं की

- **कक्षाओं में पहुंचकर पढ़ाई परख रहे, बच्चों से संवाद कर बढ़ा रहे आत्मविश्वास**

गई,तो वे शहरी बच्चों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे। इसी सोच के तहत अब पंचायत पदाधिकारी खुद स्कूलों में पहुंचकर पढ़ाई की गुणवत्ता का जायजा ले रहे हैं। इस दौरान वार्ड पंच आदर्श ठाकुर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा की जिम्मेदारी समाज के हर जागरूक नागरिक की है।



**ग्रामीण शिक्षा को मजबूत करने की पहल**

ग्रामीण क्षेत्रों में अब शिक्षा को लेकर केवल शिकायतें नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में ठोस पहल हो रही है। पंचायत स्तर के युवा और शिक्षित जनप्रतिनिधि खुद स्कूलों तक पहुंचकर कक्षाओं का निरीक्षण कर रहे हैं,बच्चों से सवाल-जवाब कर उनकी शैक्षणिक स्थिति समझ रहे हैं,शिक्षकों से पढ़ाई की प्रगति की जानकारी ले रहे हैं और आवश्यक सुधार के सुझाव दे रहे हैं। उनका मानना है कि यदि आज से ही ग्रामीण स्कूलों में गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया,तो आने वाले समय में गांव के बच्चे भी शहरी छात्रों की तरह हर प्रतियोगिता में मजबूती से खड़े हो सकेंगे।ग्रामीणों और विद्यालय परिवार ने इस पहल को शिक्षा सुधार की दिशा में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम बताया।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बोरपदर के पूर्व माध्यमिक शाला का वार्ड पंच आदर्श ठाकुर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया गया। उनकी समझ,विषयों की पकड़ और नियमित अध्ययन की स्थिति को परखा गया। शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों,पाठ्यक्रम की प्रगति और विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर भी जानकारी ली गई।

निरीक्षण का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं,बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि ग्रामीण बच्चों को भी वही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले,जो शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध है। बच्चों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया,ताकि वे भविष्य में किसी भी स्तर पर पीछे न रहें।

साथ ही,मध्याह्न भोजन योजना की भी समीक्षा की गई। भोजन की गुणवत्ता,स्वच्छता और पोषण स्तर का जायजा लेकर यह सुनिश्चित किया गया कि बच्चों को स्वस्थ और संतुलित आहार मिले,क्योंकि बेहतर शिक्षा के लिए स्वस्थ शरीर भी उतना ही जरूरी है।




## सरस्वती शिशु मंदिर में दी गई सुकालु राम को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता और विभाग के संघचालक रहे स्व सुकालु राम बघेल के आकस्मिक

- **संघ जीवन,सेवा और समर्पण को किया गया स्मरण**

निधन पर सरस्वती शिशु मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था परिवार के सदस्य, शिक्षकगण तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभा में स्व बघेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने उनके जीवन की



सादगी,अनुशासन, सेवा-भाव और राष्ट्रनिष्ठा को स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज और देश के लिए समर्पित रहा। उनका आचरण और विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव मार्गदर्शक बने रहेंगे।

संस्था परिवार की ओर से यह भी कहा गया कि स्व. बघेल का जीवन केवल विचारों तक सीमित नहीं था,बल्कि वे अपने कर्मों से समाज को दिशा देने वाले व्यक्तित्व थे। सभा का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान उपस्थित प्रमुखजनों में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा,व्यवस्थापक डॉ प्रतीक लागू, बीएड कॉलेज की प्राचार्य कामना वर्मा,प्राचार्य भारती देवांगन, प्राध्यापक राजीव निगम सहित समस्त शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्व. सुकालु राम बघेल का जीवन राष्ट्र, समाज और संगठन के लिए सतत समर्पण का प्रतीक रहा। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सेवा केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन जीने की शैली है। अनुशासन, सादगी और निःस्वार्थ भाव उनके व्यक्तित्व की पहचान थे। उनकी स्मृतियां और विचार आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

**आवश्यकता है**

नीलिमा डेवलपर्स एवं बिल्डर्स में प्रोजेक्ट साइट हेतु सिविल इंजीनियर एवं साइट सुपरवाईजर की आवश्यकता है।

सिविल इंजीनियर (BE) - कम से कम साइट में 5 वर्षो का अनुभव एवं साइट सुपरवाईजर- कम से कम साइट में 3 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।

सिविल इंजीनियर का वेतन 40,000 से 45,000 मासिक (योग्यता अनुसार) एवं साइट सुपरवाइजर का मासिक वेतन 15,000 से 20,000 तक।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि- 25.01.2026

**नीलिमा डेवलपर्स**
शिवमंदिर के पास, चित्रकोट रोड, धरमपुरा नं 1, जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.
फोन- 07782 358085,मोबा.- 92441 44694